Signature and Name of Invigilator

## PAPER-I

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

| D | 0 | 0 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours]

**Test Booklet Code** Y

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **60**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of the candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Code should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside this Booklet, which is common for Paper I and Paper II**. If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा । उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का कोड OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. **प्रश्न-पत्र I और प्रश्न-पत्र II के लिए एक ही OMR पत्रक है जो इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है ।** प्रश्नों के उत्तर केवल OMR पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Marks Obtained | | | | | |
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 21 | | 41 | |
| 2 | | 22 | | 42 | |
| 3 | | 23 | | 43 | |
| 4 | | 24 | | 44 | |
| 5 | | 25 | | 45 | |
| 6 | | 26 | | 46 | |
| 7 | | 27 | | 47 | |
| 8 | | 28 | | 48 | |
| 9 | | 29 | | 49 | |
| 10 | | 30 | | 50 | |
| 11 | | 31 | | 51 | |
| 12 | | 32 | | 52 | |
| 13 | | 33 | | 53 | |
| 14 | | 34 | | 54 | |
| 15 | | 35 | | 55 | |
| 16 | | 36 | | 56 | |
| 17 | | 37 | | 57 | |
| 18 | | 38 | | 58 | |
| 19 | | 39 | | 59 | |
| 20 | | 40 | | 60 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) .........................................

Signature & Name of the Coordinator ...................................

(Evaluation) Date .........................

## Paper – I
## प्रश्नपत्र – I

**Note :**
- This paper contains **Sixty (60)** multiple choice questions, each question carrying **two (2)** marks.
- Candidate is expected to answer any **Fifty (50)** questions.
- In case more than **Fifty (50)** questions are attempted, only the first **Fifty (50)** questions will be evaluated.

**नोट :**
- इस प्रश्नपत्र में **साठ (60)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं ।
- अभ्यर्थी को कोई भी **पचास (50)** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।
- यदि **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये तो प्रथम **पचास (50)** प्रश्न ही जाँचे जायेंगे ।

**1.** Which one of the following Councils has been disbanded in 2013 ?
(A) Distance Education Council (DEC)
(B) National Council for Teacher Education (NCTE)
(C) National Council of Educational Research and Training (NCERT)
(D) National Assessment and Accreditation Council (NAAC)

**2.** Which of the following statements are correct about the National Assessment and Accreditation Council ?
1. It is an autonomous institution.
2. It is tasked with the responsibility of assessing and accrediting institutions of higher education.
3. It is located in Delhi.
4. It has regional offices.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) 1 and 3 (B) 1 and 2
(C) 1, 2 and 4 (D) 2, 3 and 4

**3.** The power of the Supreme Court of India to decide disputes between two or more States falls under its
(A) Advisory Jurisdiction
(B) Appellate Jurisdiction
(C) Original Jurisdiction
(D) Writ Jurisdiction

**4.** Which of the following statements are correct ?
1. There are seven Union Territories in India.
2. Two Union Territories have Legislative Assemblies
3. One Union Territory has a High Court.
4. One Union Territory is the capital of two States.

Select the correct answer from the codes given below :
(A) 1 and 3 only (B) 2 and 4 only
(C) 2, 3 and 4 only (D) 1, 2, 3 and 4

**1.** निम्नलिखित में से किस परिषद् को वर्ष 2013 में विघटित कर दिया गया ?
(A) डिस्टेंस एजुकेशन काउंसिल (डी ई सी)
(B) नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एन सी टी ई)
(C) नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च ऐण्ड ट्रेनिंग (एन सी ई आर टी)
(D) नेशनल एसेसमेंट एण्ड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एन ए ए सी)

**2.** नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
1. यह एक स्वायत्तशासी संस्था है ।
2. इसे उच्च शिक्षा के संस्थानों के मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की जिम्मेदारी का कार्य दिया गया है ।
3. यह दिल्ली में स्थित है ।
4. इसके क्षेत्रीय कार्यालय हैं ।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

**कोड :**
(A) 1 तथा 3 (B) 1 तथा 2
(C) 1, 2 तथा 4 (D) 2, 3 तथा 4

**3.** दो या अधिक राज्यों के बीच के विवाद पर निर्णय लेने की भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति किस अधिकारिता के अंतर्गत आती है ?
(A) परामर्शदायी अधिकारिता
(B) अपीली अधिकारिता
(C) मौलिक अधिकारिता
(D) रिट अधिकारिता

**4.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
1. भारत में सात संघ-शासित क्षेत्र हैं ।
2. दो संघ-शासित क्षेत्रों में विधान सभा है ।
3. एक संघ-शासित क्षेत्र का उच्च न्यायालय है ।
4. एक संघ-शासित क्षेत्र दो राज्यों की राजधानी है ।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल 1 तथा 3 (B) केवल 2 तथा 4
(C) केवल 2, 3 तथा 4 (D) 1, 2, 3 तथा 4

**5.** Which of the following statements are correct about the Central Information Commission ?

1. The Central Information Commission is a statutory body.
2. The Chief Information Commissioner and other Information Commissioners are appointed by the President of India.
3. The Commission can impose a penalty upto a maximum of ₹ 25,000/-
4. It can punish an errant officer.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) 1 and 2 only
(B) 1, 2 and 4
(C) 1, 2 and 3
(D) 2, 3 and 4

**6.** Who among the following conducted the CNN-IBN – The Hindu 2013 Election Tracker Survey across 267 constituencies in 18 States ?

(A) The Centre for the Study of Developing Societies (CSDS)
(B) The Association for Democratic Reforms (ADR)
(C) CNN and IBN
(D) CNN, IBN and The Hindu

**7.** In certain code TEACHER is written as VGCEJGT. The code of CHILDREN will be

(A) EKNJFTGP (B) EJKNFTGP
(C) KNJFGTP (D) None of these

**8.** A person has to buy both apples and mangoes. The cost of one apple is ₹ 7/- whereas that of a mango is ₹ 5/-. If the person has ₹ 38, the number of apples he can buy is

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**5.** केन्द्रीय सूचना आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?

1. केन्द्रीय सूचना आयोग एक सांविधिक निकाय है ।
2. मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है ।
3. आयोग अधिक से अधिक ₹ 25,000/- का जुर्माना लगा सकता है ।
4. वह गलती करने वाले अधिकारी को दंडित कर सकता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कोड** :

(A) सिर्फ 1 और 2
(B) 1, 2 और 4
(C) 1, 2 और 3
(D) 2, 3 और 4

**6.** निम्नलिखित में से किसने 18 राज्यों के 267 निर्वाचन क्षेत्रों में सी एन एन-आई बी एन – दि हिन्दू 2013 इलेक्शन ट्रैकर सर्वे किया ?

(A) दि सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सी एस डी एस)
(B) दि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (ए डी आर)
(C) सी एन एन तथा आई बी एन
(D) सी एन एन, आई बी एन तथा दि हिन्दू

**7.** एक कोड विशेष में TEACHER को VGCEJGT के रूप में लिखा गया है । CHILDREN का कोड क्या होगा ?

(A) EKNJFTGP
(B) EJKNFTGP
(C) KNJFGTP
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** किसी व्यक्ति को सेब तथा आम दोनों को खरीदना है । एक सेब की कीमत ₹ 7 है जबकि एक आम की कीमत ₹ 5 है । यदि उस व्यक्ति के पास ₹ 38 हैं, तो वह कितने सेब खरीद पाएगा ?

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

9. A man pointing to a lady said, "The son of her only brother is the brother of my wife". The lady is related to the man as
   - (A) Mother's sister
   - (B) Grand mother
   - (C) Mother-in-law
   - (D) Sister of Father-in-law

10. In this series
   6, 4, 1, 2, 2, 8, 7, 4, 2, 1, 5, 3, 8, 6, 2, 2, 7, 1, 4, 1, 3, 5, 8, 6, how many pairs of successive numbers have a difference of 2 each ?
   - (A) 4 (B) 5
   - (C) 6 (D) 8

11. The mean marks obtained by a class of 40 students is 65. The mean marks of half of the students is found to be 45. The mean marks of the remaining students is
   - (A) 85 (B) 60
   - (C) 70 (D) 65

12. Anil is twice as old as Sunita. Three years ago, he was three times as old as Sunita. The present age of Anil is
   - (A) 6 years
   - (B) 8 years
   - (C) 12 years
   - (D) 16 years

13. Which of the following is a social network ?
   - (A) amazon.com
   - (B) eBay
   - (C) gmail.com
   - (D) Twitter

14. The population information is called parameter while the corresponding sample information is known as
   - (A) Universe
   - (B) Inference
   - (C) Sampling design
   - (D) Statistics

9. एक महिला को इंगित करते हुए एक आदमी ने कहा, "उसके एकमात्र भाई का पुत्र मेरी पत्नी का भाई है ।" वह महिला उस आदमी की क्या लगती है ?
   - (A) माता की बहन
   - (B) दादी
   - (C) सास
   - (D) श्वसुर की बहन

10. निम्नलिखित सीरीज :
   6, 4, 1, 2, 2, 8, 7, 4, 2, 1, 5, 3, 8, 6, 2, 2, 7, 1, 4, 1, 3, 5, 8, 6
   में उत्तरोत्तर संख्याओं के कितने युग्मों में प्रत्येक के बीच 2 का अंतर है ?
   - (A) 4 (B) 5
   - (C) 6 (D) 8

11. 40 विद्यार्थियों की एक कक्षा के प्राप्तांक का मध्यमान 65 है । कक्षा के आधे विद्यार्थियों के प्राप्तांक का मध्यमान 45 है । बचे हुए विद्यार्थियों के प्राप्तांक का मध्यमान क्या है ?
   - (A) 85 (B) 60
   - (C) 70 (D) 65

12. अनिल की उम्र सुनीता की उम्र से दुगनी है । तीन वर्ष पहले उसकी उम्र सुनीता की उम्र से तिगुनी थी । अनिल की वर्तमान उम्र है
   - (A) 6 वर्ष
   - (B) 8 वर्ष
   - (C) 12 वर्ष
   - (D) 16 वर्ष

13. निम्नलिखित में से कौन सा एक सोशल नेटवर्क है ?
   - (A) अमेजोन.कॉम
   - (B) ई-बे
   - (C) जीमेल.कॉम
   - (D) ट्विटर

14. समष्टि सूचना पैरामीटर है जबकि संगत सैंपल सूचना को क्या कहा जाता है ?
   - (A) यूनिवर्स (समष्टि)
   - (B) अनुमान
   - (C) प्रतिचयन अभिकल्प
   - (D) सांख्यिकी

Read the following passage carefully and answer questions **15** to **20** :

Heritage conservation practices improved worldwide after the International Centre for the Study of the Preservation and Restoration of Cultural Property (ICCROM) was established with UNESCO's assistance in 1959. The inter-governmental organisation with 126 member states has done a commendable job by training more than 4,000 professionals, providing practice standards, and sharing technical expertise. In this golden jubilee year, as we acknowledge its key role in global conservation, an assessment of international practices would be meaningful to the Indian conservation movement. Consistent investment, rigorous attention, and dedicated research and dissemination are some of the positive lessons to imbibe. Countries such as Italy have demonstrated that prioritising heritage with significant budget provision pays. On the other hand, India, which is no less endowed in terms of cultural capital, has a long way to go. Surveys indicate that in addition to the 6,600 protected monuments, there are over 60,000 equally valuable heritage structures that await attention. Besides the small group in the service of Archaeological Survey of India, there are only about 150 trained conservation professionals. In order to overcome this severe shortage the emphasis has been on setting up dedicated labs and training institutions. It would make much better sense for conservation to be made part of mainstream research and engineering institutes, as has been done in Europe.

Increasing funding and building institutions are the relatively easy part. The real challenge is to redefine international approaches to address local contexts. Conservation cannot limit itself to enhancing the art-historical value of the heritage structures, which international charters perhaps overemphasise. The effort has to be broad-based : It must also serve as a means to improving the quality of life in the area where the heritage structures are located. The first task therefore is to integrate conservation efforts with sound development plans that take care of people living in the heritage vicinity. Unlike in western countries, many traditional building crafts survive in India, and conservation practices offer an avenue to support them. This has been acknowledged by the Indian National Trust for Art and Cultural Heritage charter for conservation but is yet to receive substantial state support. More strength for heritage conservation can be mobilised by aligning it with the green building movement. Heritage structures are essentially eco-friendly and conservation could become a vital part of the sustainable building practices campaign in future.

**15.** The outlook for conservation heritage changed

(A) after the establishment of the International Centre for the Study of the Preservation and Restoration of Cultural Property.

(B) after training the specialists in the field.

(C) after extending UNESCO's assistance to the educational institutions.

(D) after ASI's measures to protect the monuments.

**16.** The inter-government organization was appreciated because of

(A) increasing number of members to 126.

(B) imparting training to professionals and sharing technical expertise.

(C) consistent investment in conservation.

(D) its proactive role in renovation and restoration.

**17.** Indian conservation movement will be successful if there would be

(A) Financial support from the Government of India.

(B) Non-governmental organisations role and participation in the conservation movement.

(C) consistent investment, rigorous attention, and dedicated research and dissemination of awareness for conservation.

(D) Archaeological Survey of India's meaningful assistance.

**18.** As per the surveys of historical monuments in India, there is very small number of protected monuments. As per given the total number of monuments and enlisted number of protected monuments, percentage comes to

(A) 10 percent (B) 11 percent (C) 12 percent (D) 13 percent

**19.** What should India learn from Europe to conserve our cultural heritage ?

(i) There should be significant budget provision to conserve our cultural heritage.

(ii) Establish dedicated labs and training institutions.

(iii) Force the government to provide sufficient funds.

(iv) Conservation should be made part of mainstream research and engineering institutes.

Choose correct answer from the codes given below :

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iv) (C) (i), (ii) (D) (i), (iii), (iv)

**20.** INTACH is known for its contribution for conservation of our cultural heritage. The full form of INTACH is

(A) International Trust for Art and Cultural Heritage.

(B) Intra-national Trust for Art and Cultural Heritage

(C) Integrated Trust for Art and Cultural Heritage

(D) Indian National Trust for Art and Cultural Heritage

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या **15** से **20** के उत्तर दीजिए **:**

यूनेस्को की सहायता से सन् 1959 में अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा परिरक्षण एवं जीर्णोद्धार अभ्यास केंद्र (ICCROM) की स्थापना के बाद पूरी दुनिया में विरासत संरक्षण में परिष्कार हुआ । 126 देशों की सदस्यता वाले इस अंतर-सरकारी संगठन ने विभिन्न व्यवसायों के 4,000 से अधिक व्यावसायिकों को प्रशिक्षण देकर, कार्यव्यापार के मानक बना कर तथा तकनीकी विशेषज्ञता की साझीदारी करा कर सराहनीय कार्य किया है । इस स्वर्ण जयन्ती वर्ष में, इस संगठन की वैश्विक संरक्षण में प्रमुख भूमिका को स्वीकार करते समय हमें भारतीय संरक्षण आंदोलन में अंतर्राष्ट्रीय कार्य का मूल्यांकन करना समीचीन होगा । अविच्छिन्न निवेश, दृढ़ मनोयोग तथा समर्पित शोध तथा प्रचार-प्रसार कुछ सकारात्मक सबक हैं जो याद रखे जाने योग्य हैं । कुछ देशों, जैसे इटली में किए गए कार्यों से यह प्रदर्शित होता है कि प्रचुर आर्थिक प्रावधान द्वारा विरासत को प्राथमिकता प्रदान करना लाभकारी होता है । दूसरी ओर, भारत, जो सांस्कृतिक सम्पदा में कम सम्पन्न नहीं है, को इस दिशा में एक लम्बी दूरी तय करनी है । सर्वेक्षणों से यह पता चलता है कि यहाँ 6,600 संरक्षित स्मारकों के अतिरिक्त 60,000 उतने ही मूल्यवान ढाँचे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है । भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की सेवा में नियुक्त व्यक्तियों के एक छोटे से समूह के अलावा केवल लगभग 150 प्रशिक्षित व्यावसायिक व्यक्ति उपलब्ध हैं । इस गंभीर अपर्याप्तता पर काबू पाने के लिए समर्पित प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना पर बल दिया जा रहा है । जैसा कि यूरोप में किया गया है, संरक्षण को शोध तथा इन्जीनियरिंग संस्थानों की मुख्य धारा में शामिल करने से अधिक अच्छे परिणाम मिलेंगे ।

वित्त-पोषण को बढ़ाना तथा संस्थानों की स्थापना करना अपेक्षाकृत सरल है । वास्तविक चुनौती स्थानीय संदर्भों को संबोधित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय उपागमों को पुनर्परिभाषित करने में निहित है । संरक्षण कार्य को विरासती ढाँचों के कलात्मक-ऐतिहासिक मूल्य के संवर्धन तक सीमित नहीं रखा जा सकता, जिस पर संभवत: अंतर्राष्ट्रीय घोषणा पत्र अधिक जोर देते हैं । इस प्रयास को एक व्यापक आधार प्रदान करना होगा : इसे विरासती ढाँचे के स्थान पर रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता को संवर्धित करने का साधन बनाना होगा । संरक्षणपरक प्रयासों को, विरासती ढाँचे के आस-पास रहने वाले लोगों के रहन-सहन के स्तर की देख-भाल करने वाली ठोस योजनाओं के साथ जोड़ना होगा । पाश्चात्य देशों के असदृश, भारत में अभी भी अनेक पारम्परिक भवन-निर्माण कारीगरी के कौशल जीवित हैं तथा संरक्षणपरक कार्य इन्हें आलंबन प्रदान करते हैं । भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर न्यास की संरक्षण से संबंधित घोषणा में इसे स्वीकार किया गया है । परन्तु इसे सरकारी समर्थन मिलना अभी बाकी है । हरित भवन आंदोलन के साथ जोड़कर विरासत संरक्षण को अधिक सशक्त बनाया जा सकता है । विरासती ढाँचे अनिवार्यत: पर्यावरण हितैषी होते हैं तथा भविष्य में संरक्षण, धारणीय भवन निर्माण अभियान का अत्यावश्यक हिस्सा बन सकता है ।

**15.** विरासत संरक्षण के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव कब आया ?

(A) अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा परिरक्षण एवं जीर्णोद्धार केंद्र की स्थापना के बाद

(B) इस क्षेत्र में विशेषज्ञों को प्रशिक्षित किए जाने के बाद

(C) शैक्षिक संस्थानों को यूनेस्को द्वारा सहायता प्रदान किए जाने के बाद

(D) स्मारकों की सुरक्षा के लिए भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए उपायों के बाद

**16.** इस अंतर-सरकारी संगठन की सराहना किसलिए की गई ?

(A) सदस्यों की संख्या 126 तक बढ़ाने के लिए

(B) व्यावसायिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा तकनीकी विशेषज्ञता में साझेदारी कराने के लिए

(C) संरक्षण में अविच्छिन्न निवेश करने के लिए

(D) पुनरुद्धार तथा जीर्णोद्धार में इसकी समर्थनकारी भूमिका के लिए

**17.** भारतीय संरक्षण आंदोलन तब सफल होगा जब

(A) भारत सरकार से वित्तीय सहायता मिलेगी ।

(B) संरक्षण आंदोलन में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका और सहभागिता होगी ।

(C) अविच्छिन्न निवेश, दृढ़ मनोयोग तथा संरक्षण के लिए जागरूकता का प्रचार-प्रसार होगा ।

(D) भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की सार्थक सहायता प्राप्त होगी ।

**18.** भारत के ऐतिहासिक स्मारकों के सर्वेक्षण के अनुसार, यहाँ बहुत कम संरक्षित स्मारक हैं । स्मारकों की कुल संख्या में संरक्षित स्मारकों की संख्या का प्रतिशत कितना आता है ?

(A) 10 प्रतिशत (B) 11 प्रतिशत (C) 12 प्रतिशत (D) 13 प्रतिशत

**19.** अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भारत को यूरोप से क्या सीखना चाहिए ?

(i) सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान होना चाहिए ।

(ii) समर्पित प्रयोगशालाओं और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना ।

(iii) पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने के लिए सरकार को बाध्य करना ।

(iv) शोध तथा इंजीनियरिंग संस्थानों की मुख्य धारा में संरक्षण को शामिल करना ।

नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर चुनिए :

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iv) (C) (i), (ii) (D) (i), (iii), (iv)

**20.** INTACH को देश की सांस्कृतिक विरासत में योगदान के लिए जाना जाता है । INTACH का पूरा नाम है

(A) इंटरनेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज (B) इंट्रानेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज

(C) इंटेग्रेटेड ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज (D) इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज

**21.** While delivering lecture if there is some disturbance in the class, a teacher should

(A) keep quiet for a while and then continue.

(B) punish those causing disturbance.

(C) motivate to teach those causing disturbance.

(D) not bother of what is happening in the class.

**22.** Effective teaching is a function of

(A) Teacher's satisfaction.

(B) Teacher's honesty and commitment.

(C) Teacher's making students learn and understand.

(D) Teacher's liking for professional excellence.

**23.** The most appropriate meaning of learning is

(A) Acquisition of skills

(B) Modification of behaviour

(C) Personal adjustment

(D) Inculcation of knowledge

**24.** Arrange the following teaching process in order :

(i) Relate the present knowledge with previous one

(ii) Evaluation

(iii) Reteaching

(iv) Formulating instructional objectives

(v) Presentation of instructional materials

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(B) (ii), (i), (iii), (iv), (v)

(C) (v), (iv), (iii), (i), (ii)

(D) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

**21.** व्याख्यान देते समय यदि कक्षा में कोई विघ्न-बाधा हो तो शिक्षक को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए ?

(A) कुछ देर के लिए चुप हो जाए और फिर शुरू कर दे ।

(B) जो बाधा डाल रहे हों उन्हें दंडित करे ।

(C) जो बाधा डाल रहे हों उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करे ।

(D) कक्षा में जो कुछ हो रहा है उसके बारे में कोई परवाह न करे ।

**22.** प्रभावी शिक्षण निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) शिक्षक का संतोष

(B) शिक्षक की ईमानदारी और प्रतिबद्धता

(C) शिक्षक का छात्रों को पढ़ाना और समझाना

(D) व्यावसायिक श्रेष्ठता के प्रति शिक्षक की रुचि

**23.** अधिगम का सबसे उपयुक्त अर्थ है

(A) कौशल-अर्जन

(B) व्यवहार-संशोधन

(C) व्यक्तिगत समायोजन

(D) ज्ञान को दिमाग में बैठाना

**24.** निम्नलिखित शिक्षण-प्रक्रिया ठीक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) वर्तमान ज्ञान को पहले के ज्ञान से जोड़ना

(ii) मूल्यांकन

(iii) पुनर्शिक्षण

(iv) शिक्षण-लक्ष्यों को सूत्रबद्ध करना

(v) शिक्षण-सामग्री का प्रस्तुतीकरण

(A) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

(B) (ii), (i), (iii), (iv), (v)

(C) (v), (iv), (iii), (i), (ii)

(D) (iv), (i), (v), (ii), (iii)

**25.** CIET stands for

(A) Centre for Integrated Education and Technology
(B) Central Institute for Engineering and Technology
(C) Central Institute for Education Technology
(D) Centre for Integrated Evaluation Techniques.

**26.** Teacher's role at higher education level is to

(A) provide information to students.
(B) promote self learning in students.
(C) encourage healthy competition among students.
(D) help students to solve their problems.

**27.** The Verstehen School of Understanding was popularised by

(A) German Social Scientists
(B) American Philosophers
(C) British Academicians
(D) Italian Political Analysts

**28.** The sequential operations in scientific research are

(A) Co-variation, Elimination of Spurious Relations, Generalisation, Theorisation
(B) Generalisation, Co-variation, Theorisation, Elimination of Spurious Relations
(C) Theorisation, Generalisation, Elimination of Spurious Relations, Co-variation
(D) Elimination of Spurious Relations, Theorisation, Generalisation, Co-variation.

**29.** In sampling, the lottery method is used for

(A) Interpretation
(B) Theorisation
(C) Conceptualisation
(D) Randomisation

**25.** CIET निम्नलिखित में से किसका सूचक है ?

(A) सेंटर फॉर इंटीग्रेटिड एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी
(B) सेंट्रल इन्स्टीट्यूट फॉर इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी
(C) सेंट्रल इन्स्टीट्यूट फॉर एजूकेशन टेक्नोलॉजी
(D) सेंटर फॉर इंटीग्रेटिड इवेलुएशन टेकनीक

**26.** उच्च शिक्षा के स्तर पर शिक्षक की भूमिका क्या है ?

(A) विद्यार्थियों को सूचना प्रदान करना ।
(B) विद्यार्थियों में स्वाध्याय को प्रोत्साहित करना ।
(C) विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन देना ।
(D) अपनी समस्याएँ हल करने में विद्यार्थियों की मदद करना ।

**27.** वर्स्टीहेन स्कूल ऑफ अंडरस्टेंडिंग को निम्नलिखित में से किसने लोकप्रिय बनाया ?

(A) जर्मन समाज विज्ञानी
(B) अमेरिकी दार्शनिक
(C) ब्रिटिश अकादमिक विद्वान
(D) इतालवी राजनीतिक विश्लेषक

**28.** वैज्ञानिक शोध में क्रमिक संक्रियाएँ कौन सी हैं ?

(A) सहविचरण, भ्रामक संबंधों का बहिष्करण, सामान्यीकरण, सिद्धांतीकरण
(B) सामान्यीकरण, सहविचरण, सिद्धांतीकरण, भ्रामक संबंधों का बहिष्करण
(C) सिद्धांतीकरण, सामान्यीकरण, भ्रामक संबंधों का बहिष्करण, सहविचरण
(D) भ्रामक संबंधों का बहिष्करण, सिद्धांतीकरण, सामान्यीकरण, सहविचरण

**29.** नमूना लेने की लॉटरी पद्धति का उपयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है ?

(A) निर्वचन (व्याख्या)
(B) सिद्धांतीकरण
(C) संकल्पना
(D) बेतरतीब ग्रहण (यादृच्छीकरण)

**30.** Which is the main objective of research ?

(A) To review the literature

(B) To summarize what is already known

(C) To get an academic degree

(D) To discover new facts or to make fresh interpretation of known facts

**31.** Sampling error decreases with the

(A) decrease in sample size

(B) increase in sample size

(C) process of randomization

(D) process of analysis

**32.** The principles of fundamental research are used in

(A) action research

(B) applied research

(C) philosophical research

(D) historical research

**33.** Users who use media for their own ends are identified as

(A) Passive audience

(B) Active audience

(C) Positive audience

(D) Negative audience

**34.** Classroom communication can be described as

(A) Exploration

(B) Institutionalisation

(C) Unsignified narration

(D) Discourse

**35.** Ideological codes shape our collective

(A) Productions

(B) Perceptions

(C) Consumptions

(D) Creations

**30.** शोध का मुख्य ध्येय क्या है ?

(A) साहित्य की समीक्षा करना ।

(B) पहले से ज्ञात का सारांश करना ।

(C) अकादमिक उपाधि (डिग्री) प्राप्त करना ।

(D) नये तथ्यों की खोज करना अथवा ज्ञात तथ्यों की ताजा व्याख्या करना ।

**31.** नमूना लेने में गलती निम्नलिखित में से किसके साथ घटती जाती है ?

(A) नमूने के आकार में कमी

(B) नमूने के आकार में वृद्धि

(C) यादृच्छीकरण की प्रक्रिया

(D) विश्लेषण की प्रक्रिया

**32.** मौलिक शोध के सिद्धांतों का निम्नलिखित में से किसमें उपयोग किया जाता है ?

(A) क्रियापरक शोध

(B) अनुप्रयुक्त शोध

(C) दार्शनिक शोध

(D) ऐतिहासिक शोध

**33.** संचार माध्यम का अपनी कार्यसिद्धि के लिए उपयोग करने वाले प्रयोक्ता को क्या कहते हैं ?

(A) निष्क्रिय श्रोता

(B) सक्रिय श्रोता

(C) सकारात्मक श्रोता

(D) नकारात्मक श्रोता

**34.** कक्षा संचार का वर्णन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जा सकता है ?

(A) गवेषणा

(B) संस्थानीकरण

(C) असंकेतित आख्यान

(D) व्याख्यान

**35.** सैद्धांतिक कोड हमारे सामूहिक ______ को आकार प्रदान करते हैं ।

(A) निर्माण

(B) अवबोधन

(C) खपत

(D) सृजन

**36.** In communication, myths have power, but are

(A) uncultural.

(B) insignificant.

(C) imprecise.

(D) unpreferred.

**37.** The first multi-lingual news agency of India was

(A) Samachar

(B) API

(C) Hindustan Samachar

(D) Samachar Bharati

**38.** Organisational communication can also be equated with

(A) intra-personal communication.

(B) inter-personal communication.

(C) group communication.

(D) mass communication.

**39.** If two propositions having the same subject and predicate terms are such that one is the denial of the other, the relationship between them is called

(A) Contradictory

(B) Contrary

(C) Sub-contrary

(D) Sub-alternation

**40.** Ananya and Krishna can speak and follow English. Bulbul can write and speak Hindi as Archana does. Archana talks with Ananya also in Bengali. Krishna can not follow Bengali. Bulbul talks with Ananya in Hindi. Who can speak and follow English, Hindi and Bengali ?

(A) Archana

(B) Bulbul

(C) Ananya

(D) Krishna

**36.** सम्प्रेषण में, मिथकों में शक्ति होती है, परन्तु वे/उन्हें

(A) संस्कृतिहीन होते हैं ।

(B) महत्त्वहीन होते हैं ।

(C) यथातथ्य नहीं होते ।

(D) वरीयता नहीं दी जाती ।

**37.** भारत की प्रथम बहु-भाषायी समाचार एजेंसी निम्नलिखित में से कौन है ?

(A) समाचार

(B) ए पी आई

(C) हिन्दुस्तान समाचार

(D) समाचार भारती

**38.** संस्थागत संचार को इनमें से किसके समतुल्य भी माना जा सकता है ?

(A) अंत:वैयक्तिक संचार

(B) अंतर्वैयक्तिक संचार

(C) समूह संचार

(D) जन संचार

**39.** दो अभिकथनों के उद्देश्य और विधेय की शब्दावली यदि ऐसी है कि एक की शब्दावली दूसरे का निषेध करती है तो उन दोनों के बीच का संबंध क्या कहलाता है ?

(A) विरोधात्मक

(B) विपरीत

(C) उप-विपरीत

(D) उपाश्रयण

**40.** अनन्या और कृष्णा अंग्रेज़ी बोल और समझ सकते हैं । बुलबुल अर्चना की तरह ही हिंदी लिख और बोल सकती है । अर्चना अनन्या से बंगला में भी बात करती है । कृष्णा बंगला नहीं समझ सकती । बुलबुल अनन्या से हिंदी में बात करती है । निम्नलिखित में से कौन अंग्रेजी, हिंदी और बंगला बोल और समझ सकता है ?

(A) अर्चना

(B) बुलबुल

(C) अनन्या

(D) कृष्णा

**41.** A stipulative definition may be said to be

(A) Always true

(B) Always false

(C) Sometimes true, sometimes false

(D) Neither true nor false

**42.** When the conclusion of an argument follows from its premise/premises conclusively, the argument is called

(A) Circular argument

(B) Inductive argument

(C) Deductive argument

(D) Analogical argument

**43.** Saturn and Mars are planets like the earth. They borrow light from the Sun and moves around the Sun as the Earth does. So those planets are inhabited by various orders of creatures as the earth is.

What type of argument is contained in the above passage ?

(A) Deductive (B) Astrological

(C) Analogical (D) Mathematical

**44.** Given below are two premises. Four conclusions are drawn from those two premises in four codes. Select the code that states the conclusion validly drawn.

Premises :

(i) All saints are religious. (major)

(ii) Some honest persons are saints. (minor)

**Codes :**

(A) All saints are honest.

(B) Some saints are honest.

(C) Some honest persons are religious.

(D) All religious persons are honest.

**41.** स्वनिर्मित परिभाषा निम्नलिखित में से कौन सी कही जा सकती है ?

(A) जो हमेशा सत्य हो ।

(B) जो हमेशा मिथ्या हो ।

(C) जो कभी सत्य हो, कभी मिथ्या ।

(D) जो न सत्य हो न मिथ्या ।

**42.** जब किसी तर्क का निष्कर्ष अंतिम रूप से अपनी आधारिका/आधारिकाओं के परिणामस्वरूप आए तो वह तर्क निम्नलिखित में से क्या कहलाता है ?

(A) चक्रीय तर्क

(B) आगमनात्मक तर्क

(C) निगमनात्मक तर्क

(D) सादृश्यमूलक तर्क

**43.** शनि और मंगल दोनों पृथ्वी की तरह ही ग्रह हैं । वे सूर्य से प्रकाश ग्रहण करते हैं और पृथ्वी की तरह ही सूर्य के चारों तरफ घूमते हैं । इसलिए उन ग्रहों पर विविध प्रकार के जीव रहते हैं जैसे कि पृथ्वी पर रहते हैं ।

उक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस प्रकार का तर्क निहित है ?

(A) निगमनात्मक

(B) फलित-ज्योतिष संबंधी

(C) सादृश्यमूलक

(D) गणितीय

**44.** नीचे दो आधारिकाएँ दी गई हैं । उन दो आधारिकाओं से चार कोडों में चार निष्कर्ष निकाले गए हैं । इन कोडों के अंतर्गत जिस कोड में निष्कर्ष प्रामाणिक रूप से बताया गया है उसका चयन कीजिए ।

आधारिकाएँ :

(i) सभी संत धार्मिक होते हैं । (प्रमुख)

(ii) कुछ ईमानदार लोग संत होते हैं । (गौण)

**कोड :**

(A) सभी संत ईमानदार होते हैं ।

(B) कुछ संत ईमानदार हैं ।

(C) कुछ ईमानदार लोग धार्मिक हैं ।

(D) सभी धार्मिक लोग ईमानदार होते हैं ।

Following table provides details about the Foreign Tourist Arrivals (FTAs) in India from different regions of the world in different years. Study the table carefully and answer questions from **45** to **48** based on this table.

| **Region** | **Number of Foreign Tourist Arrivals** | | |
|---|---|---|---|
| | **2007** | **2008** | **2009** |
| Western Europe | 1686083 | 1799525 | 1610086 |
| North America | 1007276 | 1027297 | 1024469 |
| South Asia | 982428 | 1051846 | 982633 |
| South East Asia | 303475 | 332925 | 348495 |
| East Asia | 352037 | 355230 | 318292 |
| West Asia | 171661 | 215542 | 201110 |
| Total FTAs in India | 5081504 | 5282603 | 5108579 |

**45.** Find out the region that contributed around 20 percent of the total foreign tourist arrivals in India in 2009.
(A) Western Europe
(B) North America
(C) South Asia
(D) South East Asia

**46.** Which of the following regions has recorded the highest negative growth rate of foreign tourist arrivals in India in 2009 ?
(A) Western Europe
(B) North America
(C) South Asia
(D) West Asia

**47.** Find out the region that has been showing declining trend in terms of share of foreign tourist arrivals in India in 2008 and 2009.
(A) Western Europe
(B) South East Asia
(C) East Asia
(D) West Asia

**48.** Identify the region that has shown hyper growth rate of foreign tourist arrivals than the growth rate of the total FTAs in India in 2008.
(A) Western Europe
(B) North America
(C) South Asia
(D) East Asia

नीचे दी गई सारणी में दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न वर्षों में भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफ टी ए) का विवरण दिया गया है । इस सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा प्रश्न संख्या **45** से **48** तक का उत्तर इस सारणी के आधार पर दीजिए :

| **क्षेत्र** | **विदेशी पर्यटक आगमन संख्या** | | |
|---|---|---|---|
| | **2007** | **2008** | **2009** |
| पश्चिमी यूरोप | 1686083 | 1799525 | 1610086 |
| उत्तर अमेरिका | 1007276 | 1027297 | 1024469 |
| दक्षिण एशिया | 982428 | 1051846 | 982633 |
| दक्षिण पूर्व एशिया | 303475 | 332925 | 348495 |
| पूर्व एशिया | 352037 | 355230 | 318292 |
| पश्चिम एशिया | 171661 | 215542 | 201110 |
| भारत में कुल विदेशी पर्यटक आगमन | 5081504 | 5282603 | 5108579 |

**45.** भारत में सन् 2009 में कुल विदेशी पर्यटक आगमन के लगभग 20 प्रतिशत पर्यटक किस क्षेत्र से आये ?
(A) पश्चिमी यूरोप (B) उत्तर अमेरिका
(C) दक्षिण एशिया (D) दक्षिण पूर्व एशिया

**46.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से 2009 में भारत में विदेशी पर्यटक आगमन की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई ?
(A) पश्चिमी यूरोप
(B) उत्तर अमेरिका
(C) दक्षिण एशिया
(D) पश्चिम एशिया

**47.** 2008 और 2009 में किस क्षेत्र से भारत में विदेशी पर्यटक आगमन की संख्या में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई ?
(A) पश्चिमी यूरोप
(B) दक्षिण पूर्व एशिया
(C) पूर्व एशिया
(D) पश्चिम एशिया

**48.** भारत में कुल विदेशी पर्यटक आगमन के वृद्धि दर की अपेक्षा किस क्षेत्र से आने वाले पर्यटकों की वृद्धि दर 2008 में अधिक रही है ?
(A) पश्चिमी यूरोप
(B) उत्तर अमेरिका
(C) दक्षिण एशिया
(D) पूर्व एशिया

49. The post-industrial society is designated as
(A) Information society
(B) Technology society
(C) Mediated society
(D) Non-agricultural society

50. The initial efforts for internet based communication was for
(A) Commercial communication
(B) Military purposes
(C) Personal interaction
(D) Political campaigns

51. Internal communication within institutions is done through
(A) LAN
(B) WAN
(C) EBB
(D) MMS

52. Virtual reality provides
(A) Sharp pictures
(B) Individual audio
(C) Participatory experience
(D) Preview of new films

53. The first virtual university of India came up in
(A) Andhra Pradesh
(B) Maharashtra
(C) Uttar Pradesh
(D) Tamil Nadu

54. Arrange the following books in chronological order in which they appeared. Use the code given below :
(i) Limits to Growth
(ii) Silent Spring
(iii) Our Common Future
(iv) Resourceful Earth

**Codes :**
(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (ii), (i), (iii), (iv)
(D) (i), (ii), (iii), (iv)

49. उत्तर-औद्योगिक समाज को निम्नलिखित में से कोई एक भी कहा जाता है :
(A) सूचना समाज
(B) प्रौद्योगिकी समाज
(C) मध्यवर्ती समाज
(D) गैर-कृषि समाज

50. इंटरनेट आधारित संचार के आरंभिक प्रयास किसके लिए किए गए थे ?
(A) व्यावसायिक संचार
(B) सैन्य उद्देश्य
(C) पारस्परिक अन्तर्क्रिया
(D) राजनीतिक अभियान

51. संस्थानों के अंतर्गत आंतरिक संचार किसके द्वारा किया जाता है ?
(A) लैन (एल ए एन)
(B) वैन (डब्ल्यू ए एन)
(C) इ बी बी
(D) एम एम एस

52. वर्चुअल रियलिटी उपलब्ध कराती है
(A) सुस्पष्ट चित्र
(B) व्यक्तिगत श्रवण
(C) सहभागी अनुभव
(D) नयी फिल्म का पूर्व पर्यलोकन

53. भारत का प्रथम वर्चुअल विश्वविद्यालय कहाँ आरंभ किया गया ?
(A) आंध्र प्रदेश
(B) महाराष्ट्र
(C) उत्तर प्रदेश
(D) तमिलनाडु

54. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके प्रकाशन के कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए । नीचे दिए गए कोड का उपयोग कीजिए :
(i) लिमिट्स टू ग्रोथ
(ii) साइलेंट स्प्रिंग
(iii) अवर कॉमन फ्यूचर
(iv) रिसोर्सफुल अर्थ

**कोड** :
(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (ii), (i), (iii), (iv)
(D) (i), (ii), (iii), (iv)

**55.** Which one of the following continents is at a greater risk of desertification ?
(A) Africa
(B) Asia
(C) South America
(D) North America

**56.** "Women are closer to nature than men." What kind of perspective is this ?
(A) Realist (B) Essentialist
(C) Feminist (D) Deep ecology

**57.** Which one of the following is not a matter a global concern in the removal of tropical forests ?
(A) Their ability to absorb the chemicals that contribute to depletion of ozone layer.
(B) Their role in maintaining the oxygen and carbon balance of the earth.
(C) Their ability to regulate surface and air temperatures, moisture content and reflectivity.
(D) Their contribution to the biological diversity of the planet.

**58.** The most comprehensive approach to address the problems of man-environment interaction is one of the following :
(A) Natural Resource Conservation Approach
(B) Urban-industrial Growth Oriented Approach
(C) Rural-agricultural Growth Oriented Approach
(D) Watershed Development Approach

**59.** The major source of the pollutant gas, carbon mono-oxide (CO), in urban areas is
(A) Thermal power sector
(B) Transport sector
(C) Industrial sector
(D) Domestic sector

**60.** In a fuel cell driven vehicle, the energy is obtained from the combustion of
(A) Methane (B) Hydrogen
(C) LPG (D) CNG

**55.** निम्नलिखित में से किस महाद्वीप पर रेगिस्तान में परिवर्तित होने का सबसे अधिक खतरा है ?
(A) अफ्रीका
(B) एशिया
(C) दक्षिण अमेरिका
(D) उत्तर अमेरिका

**56.** "महिलाएँ पुरुषों की अपेक्षा प्रकृति के अधिक निकट हैं ।" यह किस प्रकार का दृष्टिकोण है ?
(A) यथार्थवादी (B) अनिवार्यतावादी
(C) नारीवादी (D) गहन पारिस्थितिकी

**57.** उष्णकटिबन्धी वनों के समाप्त होने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा मुद्दा वैश्विक सरोकार का विषय नहीं है ?
(A) ओजोन की सतह को क्षीण करने में योगदान करने वाले रसायनों को अवशोषित करने की उनकी क्षमता
(B) धरती के ऑक्सीजन और कार्बन में संतुलन कायम रखने में उनकी भूमिका
(C) धरती और वायु के तापमान, नमी, अंगभूत तत्त्व तथा परावर्तकता को समंजित करने की उनकी क्षमता
(D) धरती के जैव-वैविध्य में उनका योगदान

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा उपागम मानव-पर्यावरण अन्योन्यक्रिया की समस्या से संबंधित सर्वाधिक व्यापक उपागम है ?
(A) प्राकृतिक संसाधन संरक्षण उपागम
(B) शहरी-औद्योगिक संवृद्धि उन्मुख उपागम
(C) ग्रामीण-कृषि संवृद्धि उन्मुख उपागम
(D) वाटरशेड विकास उपागम

**59.** शहरी क्षेत्रों में प्रदूषणकारी गैस कार्बन मोनॉक्साइड (CO), का प्रमुख स्रोत है
(A) तापीय शक्ति क्षेत्र
(B) परिवहन क्षेत्र
(C) औद्योगिक क्षेत्र
(D) घरेलू क्षेत्र

**60.** ईंधन बैट्री चालित वाहन में ऊर्जा किसके दहन से प्राप्त होती है ?
(A) मिथेन (B) हाइड्रोजन
(C) एल पी जी (D) सी एन जी

**Space For Rough Work**